Live हिन्दुस्तान.com

# पटना: आंगनबाड़ी सेविका के घर में बन रहा था नकली सेनेटाइजर

पटना, हिन्दुस्तान टीम

Last updated: Wed, 13 May 2020 09:34 AM





औषधि विभाग की टीम ने मंगलवार को फतुहा के बांकीपुर गोरख मोहल्ले में छापेमारी कर एक नकली सेनेटाइजर, कॉस्मेटिक फैक्ट्री का खुलासा किया है। यहां से टीम को नकली सैनेटाइजर, कॉस्मेटिक आइटम, उपकरण, केमिकल, रैपर सहित लाखों के सामान हाथ लगे हैं। हालांकि आरोपित संजीव गुप्ता फरार हो गया, जबकि टीम उसकी पत्नी से पूछताछ कर रही है। पत्नी आंगनबाड़ी सेविका है।

गुप्त सूचना पर पटना के औषधि विभाग की टीम ने फतुहा पुलिस के सहयोग से संजीव के घर पर छापा मारा। टीम को उसके घर के अलावा बगल के पुराने किराए के मकान से भारी मात्रा में सामान और बनाने के उपकरण मिले। ड्रग इंस्पेक्टर मो. कयूमउद्दीन अंसारी ने बताया कि दोनों घरों से अवैध फैक्ट्री के उपकरण, सैनेटाइजर, कॉस्मेटिक आइटम, केमिकल, रैपर, कार्टन, शीशी आदि मिले हैं। यह सभी प्रसाधन इंसानों के लिए काफी खतरनाक हैं।

बरामद सामान की कीमत पांच लाख रुपये बताई जाती है। सभी सामान को एक ट्रैक्टर पर लाद कर फतुहा थाने लाया गया, जहां टीम द्वारा उसकी सूची बनाकर आगे की कार्रवाई की जा रही थी। मौके पर औषधि विभाग के संदीप सहाय, राजेश कुमार, धर्मेंद्र कुमार प्रसाद, वीरेंद्र कुमार, संजय कुमार पासवान सहित कई अधिकारी के साथ फतुहा पुलिस भी मौजूद थी।

फतुहा में ड्रग विभाग ने की कार्रवाई

सहायक ड्रग कंट्रोलर ने बताया कि संचालक यहां घरेलू उद्योग के माध्यम से बिना लाइसेंस के फेस पैक से लेकर मसाज क्रीम, सौंदर्य क्रीम और  कई तरह के तेल बनाता था। सैनेटाइजर की बढ़ती मांग के बाद उसने सैनेटाइजर भी तैयार करना शुरू कर दिया था। इसकी सूचना ड्रग विभाग को मिली तो जांच के लिए टीम गठित की गई। फतुहा थाने की मदद से संचालक के दुकान और गोदाम पर एक साथ छापेमारी की गई।

Source: https://www.livehindustan.com/bihar/story-drug-department-red-anganwadi-sevika-house-in-patna-bihar-fake-sanitizer-cosmetic-factory-revealed-coronavirus-lockdown-3211393.html